# लखनऊ में लॉजिस्टिक पार्क बनाने की तैयारी

अच्छी खबर

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राजधानी में लॉजिस्टिक पार्क बनाने की कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एलडीए को भू-उपयोग प्रस्तावित करने को कहा गया है। लाजिस्टिक पार्क बनने से उपयोग की वस्तुओं का राजधानी में भण्डारण हो सकेगा। शासन के निर्देश के बाद नए आउटर रिंग रोड, आगरा एक्सप्रेस वे तथा कानपुर लखनऊ के नए प्रस्तावित एक्सप्रेस वे के आस पास की जमीन इसके लिए प्रस्तावित करने पर विचार हो रहा है। शासन ने इसके लिए 24 सितम्बर को बैठक बुलायी है।

देश के कई शहरों में लाजिस्टिक पार्क बनाए गए हैं। अब लखनऊ में भी इसकी कवायद शुरू हुई है। अभी इसके लिए पालिसी तैयार हो रही है।

## क्या है लॉजिस्टिक पार्क

लॉजिस्टिक पार्क खाद्य व अन्य वस्तुओं के स्टोर किए जाने का आधुनिक साधन है। इसमें कोल्ड स्टोरेज के अलावा अन्य तरह की सुविधाएं होती हैं। पार्क में देश के दूसरे हिस्से से माल को लाकर स्टोर किया जाता है। इसके बाद जरूरत के हिसाब से लोकल स्तर पर सप्लाई की जाती है। कंटेनर व पार्सल के अलावा घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खाद्य तेल, दूध व दूध से बने उत्पाद, गेहूं, चना व दालें, फल व सब्जियां, लकड़ी एवं प्लाईवुड जैसी वस्तुओं का भंडारण होता है।

## क्या होंगे फायदे

- आवागमन पर आने वाले खर्च में बचत होती है। वस्तुओं की कीमत भी कम हो जाती है।
- ट्रांसपोर्ट सेक्टर की लागत में कमी
- वेयरहाउस का खर्च भी कम होगा। वाहनों से फैलने वाला प्रदूषण कम होगा।